**Nai Dunia (Indore), 14th November 2020, Page-1**

# अमेरिकी स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय की सूची में इंदौर के नौ वैज्ञानिक

## उपलब्धि • विश्वविद्यालय ने बनाई दुनिया के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची


इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। अमेरिका के स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय ने दुनियाभर के प्रमुख वैज्ञानिकों की सूची जारी की है। इसमें दुनिया के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों को शामिल किया है। खास बात ये कि इस सूची में इंदौर के 9 वैज्ञानिकों को जगह मिली है, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में शोध के जरिए दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इंदौर के जिन वैज्ञानिकों को इस सूची में स्थान मिला है, उनमें देवी अहिल्या विवि, आरआर कैट और आइआइटी इंदौर से संबंध रखने वाले वैज्ञानिक हैं।

अमेरिका के स्टेनफोर्ड विवि की पब्लिक लाइब्रेरी ऑफ साइंस बायोलॉजी ने सूची जारी की है। इसमें दुनियाभर के एक लाख से ज्यादा वैज्ञानिक हैं। इनमें इंदौर के सबसे ज्यादा 4 वैज्ञानिक आइआइटी इंदौर से जुड़े हैं। 3 देवी अहिल्या विवि से जुड़े रहे प्रोफेसर और 2 नाम इंदौर के केंद्रीय संस्थान राजा रमन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र (आरआरकैट) से जुड़े हैं। स्टेनफोर्ड विवि का मानना है कि बीते समय में इन वैज्ञानिकों ने ऐसे शोध किए हैं जो विज्ञान जगत के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### स्टेनफोर्ड की पब्लिक लाइब्रेरी ऑफ साइंस बायोलॉजी ने जारी की सूची

| दुनिया के | भारत के |
|---|---|
| 1 लाख से ज्यादा वैज्ञानिक | 1994 वैज्ञानिकों को मिली जगह |

**इंदौर :** आइआइटी, देवी अहिल्या विवि और कैट से जुड़े प्रोफेसरों को भी मिला स्थान



अमेरिका के स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय का फाइल फोटो।

### सागर विवि के फार्मेसी विभाग के छह विशेषज्ञ भी शामिल

सागर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजय जैन सहित विभाग के छह शोध विशेषज्ञ दुनिया के श्रेष्ठ विज्ञानियों में शामिल हो गए हैं। विश्वविद्यालय के मीडिया अधिकारी प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने बताया कि शोधकर्ताओं की सूची में डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय जैन के साथ ही विभाग के प्रो. एनके जैन एवं प्रो. एसपी व्यास को स्थान मिला है।

### इंदौर से इन्हें मिला है सूची में स्थान

- देवी अहिल्या विवि के पूर्व कुलपति डॉ. एमएस सोढ़ा (फ्लूएड्स एंड प्लाज्मा)
- विवि के रसायन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. केके पांडे (अकार्बनिक और नाभिकीय रसायन)
- विवि के भौतिकी अध्ययनशाला के पूर्व प्रोफेसर स्वर्गीय दिनेश वार्ष्णेय (सामान्य भौतिकी)
- आरआर कैट के डॉ. पीके गुप्ता (मटेरियल्स),
- रिटायर्ड प्रो. डॉ. एसबी रॉय
- आइआइटी इंदौर के प्रो. डॉ. आरबी पचौरी (आर्टिशिफियल इंटेलिजेंस एंड इमेज प्रोसेसिंग)
- आइआइटी इंदौर के पूर्व निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार माथुर
- प्रो. हरि बी. हबलानी
- प्रो. एससी कोरिया
- प्रो. हबलानी आइआइटी मुंबई के प्रोफेसर के साथ आइआइटी इंदौर में विजिटिंग फैकल्टी हैं जबकि प्रो. कोरिया पूर्व में आइआइटी इंदौर में विजिटिंग फैकल्टी रह चुके हैं।